

# G. B. Pant Memorial Govt. College,

## Rampur Bushahr, Shimla HP - 172001.

A Post Graduate Co-Educational Institution

Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla – 5

Website: https://gbpmgcrampur.edu.in/

E-Mail: gcrampur59@gmail.com

## Criterion: 7 Institutional Values and Best Practices

### 7.3: Institutional Distinctiveness

Relevant information for 7.3.1

7.3.1: Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust

TABLE OF CONTENTS TITLE


| Sr. No. | Title | Pages |
|---|---|---|
| 1. | Performance of the Institution: Cultural Integration | 2-73 |

7.3.1: Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust

Cultural Integration:





ल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद रामपुर कॉलेज के विजेता विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

# यूथ फेस्टिवल में छाए रामपुर कॉलेज के होनहार सम्मानित

## कॉलेज प्रबंधन ने स्वागत समारोह आयोजित कर दी बधाई

रामपुर बुशहर। प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से धर्मशाला में आयोजित यूथ फेस्टिवल ग्रुप दो के मुकाबलों में पीजी कॉलेज रामपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया है। कॉलेज के छात्रों ने बॉक्सिंग, टेबल टेनिस और एनसीसी के क्षेत्र में भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए रामपुर कॉलेज की धाक को बरकरार रखा है। शनिवार को सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्रों की उपलब्धियां गिनवाई गईं।

पीजी कॉलेज में शनिवार को इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद छात्रों के लिए सेलिब्रेट ए चैंपियन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. किसी कश्यप ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का स्वागत किया। धर्मशाला में आयोजित यूथ फेस्टिवल में कॉलेज के मनीष ने सितार वादन में तीसरा, संदीप ने फोक सौंग में तीसरा, वेस्टर्न ग्रुप सांग में आर्यन, पीयूष, विशाल, रक्षा, कामनी और रोहिनी के दल ने तीसरा स्थान पाया। इसके अलावा मोनिका नेगी ने दूसरी बार इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा कॉलेज की कौशिका, जमुना नेगी, संध्या और तान्या ने भी बॉक्सिंग में मेडल हासिल किए। वहीं कॉलेज की टेबल टेनिस की टीम ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। टेबल टेनिस में कॉलेज की होयान आंगमो, अनुराधा और मनीषा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से बधाई दी गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. किसी कश्यप ने बताया कि इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में रामपुर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन रहा है। इन्होंने विजेता प्रतिभागियों को जीत की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपप्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सिंह, डॉ. पुष्पा नेगी, डॉ. कार्तिक, मृत्युंजय चौहान, टीम इंचार्ज डॉ. एमएस संधीर, डॉ. कल्पना, प्रो. पोजना नेगी, डॉ. सतपाल, डॉ. ईश्वर नेगी, सहायक प्रो. शारीरिक शिक्षा तोकिन नेगी, संदीप ठाकुर और प्रो. कुशाल शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो



फेस्टिवल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वागत करता कॉलेज स्टाफ।

7/10/18 Amar Ujala

# हिमांशु ने किया रामपुर का नाम रोशन

## कालेज का पर्वतारोहण शिविर में हासिल किया ए ग्रेड

दिव्य हिमाचल ब्यूरो, रामपुर बुशहर



रामपुर कालेज के एनसीसी कैडेट्स एक के बाद एक उपलब्धि लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस बार कालेज में अध्ययनरत एनसीसी कैडेट हिमांशु मारवाह ने राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोहण शिविर में ए ग्रेड हासिल कर न केवल अपने परिजनों बल्कि कालेज प्रबंधन का नाम भी पूरे प्रदेश में रोशन किया है। मारवाह पूरे प्रदेश से एकमात्र ऐसे एनसीसी कैडेट हैं जिन्होंने 27 दिन की कठिन और विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों से जूझते हुए ये अहम ग्रेड हासिल किया है। हिमांशु मारवाह इस शिविर में पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में हिस्सा लेने के बाद रामपुर पहुंचे मारवाह का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी संदीप ठाकुर व कालेज प्राचार्य केसी कश्यप मौजूद रहे। संदीप ठाकुर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की लगातार सफलता का क्रम चल रहा है। इससे पहले हाल ही में कैडेट रीतिका शर्मा ने महानिदेशालय राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय थल सेना कैंप दिल्ली कैंट में आयोजित इंटर निदेशालय शूटिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस शूटिंग में रीतिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंटर निदेशालय शूटिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रामपुर कालेज के 10 एनसीसी कैडेट्स आर्मी कैंप डगशाई सोलन और 8 कैडेट्स गणतंत्र दिवस के लिए इंटर ग्रुप कंपीटिशन के रिहर्सल मंडी के लिए भी चयनित हो चुके हैं। कालेज प्रबंधन ने कहा कि कालेज के जितने भी होनहार हैं उन्हें सम्मानित करने का नया क्रम शुरू किया गया है। जो होनहारों के मनोबल को और ज्यादा बढ़ाएगा।

Divya Himachal 24/10/2018

17/3/19 Umar Ujala

# छात्राओं ने झमाकड़ा, नाटी और घूमर नृत्य पर मचाया धमाल

## रामपुर कॉलेज में वार्षिक समारोह, एसडीएम ने नवाजे कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राएं

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर के सभागार में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में एसडीएम रामपुर नरेंद्र चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में डीएसपी रामपुर अभिमन्यु वर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस नेगी और पूर्व प्राचार्य आरके कायस्था विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

वार्षिक समारोह की शुरुआत छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद छात्र छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब समा बांधा। छात्राओं ने राजस्थानी नृत्य घूमर और कांगड़ा जिले के पारंपरिक नृत्य झमाकड़ा पर रंगारंग कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कलाकारों ने पहाड़ी, हिंदी, किन्नौरी, पंजाबी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्रों की ओर से पेश लोक नृत्य झमाकड़ा के प्रदर्शन को खूब सराहा गया। छात्र छात्राएं देर शाम तक पहाड़ी धुनों पर थिरकते रहे। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने कॉलेज में वर्ष भर आयोजित की गई गतिविधियों का ब्योरा मौजूद दर्शकों और मुख्यातिथि के समक्ष पेश किया। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों और शिक्षकों की रिपोर्ट पेश कर उनकी उपलब्धियों को गिनाया। इस मौके पर उप प्राचार्य एलएस वर्मा, प्रो. एससी वर्मा, डॉ. रामलाल नेगी, प्रो. सुजय कपिल, डॉ. पुष्पा नेगी, पीटीए अध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष त्रिलोक शर्मा, राजेश्वरी शुक्ला, उमादत्त भारद्वाज सहित शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग मौजूद रहा। समारोह में शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाली सोनू, संतोषी, हीना ठाकुर, मिली कश्यप, फहल मसेहिक, नैतिका, प्रेम लता, मनीष, संदीप, नेहा डोगरा, मोनिका, धर्मपाल, मोनिका, कीर्तिश, जमुना, दिव्या, तान्या, इंद्रा, स्वाती, किरीट, चंद्र, मंजी, अजय, सुनील, तिलक, अजय, राहुल, रवीना, अनुराधा, मनीषा को भी खेलकूद में अव्वल रहने के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अलावा आरती, पुनीता, रौनिका, निखिल, अजय, अनीता, ललित, सुनील, मोहित, अभिलाषा, दीवान, किरण, अंजू, रवीना, सरला, हीराराज, कबीर, शबनम, शिवानी, सोनी, रेखा, चंदन, दिव्या, मोनिका, अंकिता सहित अन्य मेधावियों को एसडीएम नरेंद्र चौहान ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी मेधावियों को जीवन में कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने को प्रेरित किया।



वार्षिक समारोह के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमर उजाला

# रामपुर कालेज में छात्र सीख रहे योग




रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभपंत रामपुर महाविद्यालय के हॉस्टल के छात्र व छात्राओं के लिए विश्व कीर्तिमान हिमालया हरिद्वार अस्पताल योग समिति ने तीन दिवसीय योग विज्ञान योग खेल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य वार्डन एच सी नेगी ने किया। उनके साथ डा0 आरएल नेगी, डा0 योजना नेगी, प्रवक्ता गोविंद बल्लभपंत मेमोरियल महाविद्यालय की तरफ से उपस्थित रहे। इस शिविर में रामपुर हॉस्टल के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में विश्व विख्यात योग गुरू रंजीत सिंह के माध्यम से योग का मूल ज्ञान बच्चों को दिया जा रहा है। योग विज्ञान के साथ योग का खेलों में महत्व योग का शिक्षा में महत्व सूर्य नमस्कार प्राणायाम आदि क्रियाओं के बारे में बता रहे है। जिससे कैसे तनाव मुक्त जीवन, नशा मुक्त जीवन, रोजगार युक्त जीवन बना करके भारत को विश्व गुरु बनाया जाए। वही दुसरी और शारीरिक मानसिक व आत्मिक रूप से संपूर्ण विकसित होने के लिए योग को जीवन मे अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसके साथ ही रामपुर महाविद्यालय में विश्व कीर्तिमान कौशल्या विद्यार्थी परिषद का निर्माण भी किया जाएगा। आने वाले संस्था के कार्यक्रम कौन बनेगा अटल स्वास्थ्य रक्षक की जानकारी देकर ऑडिशन भी लिए जायेंगे। ट्रिपल एच से विश्व कीर्तिमान सुशीला, अनुज, प्रियंका व सोनिका भी उपस्थित रहे।

Amar Ujala 31/7/19

पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित ... प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी

Amar Ujala 17/9/19

# भाषण स्पर्धा में आरती, पोस्टर मेकिंग में ललित ने बाजी मारी

## रामपुर कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर बुशहर। रामपुर कॉलेज में इको क्लब के सौजन्य से विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य केसी कश्यप ने छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान, आरती शर्मा, राकेश कुमार, विक्रम, बीना मेहता और सुधांशु ने अपने विचार रखे। जिसमें प्रथम स्थान पर आरती शर्मा, दूसरे स्थान पर मुस्कान और तीसरे स्थान पर सुधांशु रहे। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग में शालिनी, मोनिका ठाकुर, अनिल चौहान, पिंटू, अभिषेक, ललित, ज्योति, प्रवीन, मोनिका और संस्कार ठाकुर ने भाग लिया।

जिसमें प्रथम स्थान ललित, दूसरा स्थान अभिषेक और तीसरा स्थान मोनिका ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका कॉलेज के सहायक प्रोफेसर सतपाल सूद, सहायक प्रोफेसर नीलू सिंह, वरिष्ठ लैब सहायक एमएल ने निभाई। इको क्लब पीजी कॉलेज रामपुर के अध्यक्ष डॉ. रामलाल नेगी ने भी विश्व ओजोन दिवस पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कॉलेज परिसर में रैली निकालकर सभी छात्रों को जागरूक किया। इस मौके पर इको क्लब के उपाध्यक्ष कपिल मेहता, महासचिव मोनिका, संयुक्त सचिव शालिनी, प्रेस सचिव सुधांशु और सहायक प्रोफेसर मोहित नेगी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।




विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता इको क्लब के अध्यक्ष राम लाल ठाकुर के साथ।

### छात्र- छात्राओं ने कॉलेज परिसर में रैली निकाल बताई ओजोन की महत्ता



जागरूकता रैली निकालते इको क्लब रामपुर के सदस्य और पदाधिकारी।

Amar Ujala 28/9/19

# विश्व पर्यटन दिवस पर छात्रों ने बनाए मॉडल



रामपुर बुशहर। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर पीजी कॉलेज रामपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के पर्यटन विभाग और बीवॉक विभाग ने संयुक्त रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मॉडल प्रदर्शित कर प्रतिभा के जौहर दिखाए। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पर्यटन और रोजगार विषय पर भाषण प्रस्तुति और मॉडल प्रद्रर्शनी के माध्यम से सभी की वाहवाही लूटी। इस मौके पर पंकज वर्मा, एलएन वर्मा, प्रतिबिम्ब पांडे, अजेंद्र नेगी, विकास शेखरी, प्रमोद ठाकुर, संदीपा कौशल और संदीप कुमार मौजूद रहे। ब्यूरो

# इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

# आठ कॉलेजों की टीमें ले रहीं भाग

## रामपुर की विजेता टीम रोहड़ू में खेलेगी क्वार्टर फाइनल



रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर में वीरवार को अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

ऐसे में आगामी दिनों तक पाटबंगला मैदान में क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के खूब जौहर दिखाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कॉलेज के डीपीई तेनजीन नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों से परिचय करने के बाद खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने को प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं। डीपीई तेनजीन नेगी ने कहा कि रामपुर कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट स्पर्धा में आठ कॉलेजों से पहुंचे खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। पाटबंगला मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में करसोग, आनी, सुन्नी, कुमारसैन, यूआईएलएस शिमला, रामपुर रिकांगपिओ और आईजीएमसी शिमला कॉलेज की टीमें भाग ले रही हैं। यहां आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी और राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर रोहड़ू में खेलेगी। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. प्रताप ठाकुर, प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. ईश्वर नेगी, प्रो. योजना ठाकुर, डॉ. राजेंद्र नेगी और सुनील चौहान सहित कई अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो

Amar Ujala 11/10/19



# लोक नृत्य में रामपुर कॉलेज की टीम छाई

रामपुर बुशहर। प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-3 इंडियन फोक डांस का आयोजन राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट लोक नृत्य का प्रदर्शन किया। इसमें रामपुर की टीम ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। टीम का कॉलेज पहुंचने पर [illegible]




रामपुर बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक पेश करते एनसीसी कैडेट्स ● जागरण

# नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरूक

**संवाद सहयोगी, रामपुर बुशहर :** पीजी कॉलेज रामपुर में एनसीसी इकाई ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर से नशे खिलाफ रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। लेफ्टिनेंट संदीप ठाकुर ने बताया कि शनिवार सुबह सबसे पहले कैडेट्स ने ट्रैफिक कंट्रोल करने में पुलिस की सहायता की। इसके बाद एक बजे कॉलेज से रैली निकाली गई। बस स्टैंड और स्थानीय बाजार में नुक्कड़ नाटक से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। कार्यक्रम एसडीएम रामपुर नरेंद्र चौहान के दिशानिर्देशों पर आयोजित किया गया। इस मौके पर एनसीसी कमांडिंग अधिकारी कर्नल बीएस नेगी, एसएमओ रवि नेगी, जनजातीय छात्रावास के वार्डन सतपाल खूंद सहित कैडेट्स किरण, शबनम, कबीर, प्रीतम, अमन, शिवानी, राखी, रिधम, नीतिश, पृथ्वी राज, प्रदीप, सूरज, अजय सहित 70 एनसीसी कैडेट्स और 40 छात्रावास के छात्र मौजूद रहे।

Divya Himachal 23/9/21

# नारा लेखन में योगिता और चित्रकला में अंजली अव्वल

## पीजी कॉलेज में स्वर्ण जयंती समारोह पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, मुस्कान और दमिता दूसरे और तीसरे स्थान पर**

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में स्वर्ण जयंती समारोह पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें चित्रकला, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इनमें कॉलेज के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. पीसीआर नेगी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में योगिता ने प्रथम, प्रिया नेगी द्वितीय और अंजली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में अंजली ठाकुर प्रथम, कृतिका द्वितीय और तुषार भारती तीसरे स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, मुस्कान द्वितीय, दमिता और किरण बाला ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. [illegible] ठाकुर, डॉ. अनिता, डॉ. राजेंद्र नेगी, डॉ. [illegible] और प्रो. नवनीत [illegible] ने निभाई।

प्रतियोगिताओं का आयोजन एनएसएस यूनिट-1 और 2 के प्रभारी प्रो. प्रेमिला ठाकुर, डॉ. राजेंद्र [illegible], रेंजर लीडर डॉ. शिवाली [illegible], रोवर लीडर प्रो. नरेंद्र कुमार ठाकुर और एनएसएस ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पीसीआर नेगी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और उन्हें बधाई दी।

उन्होंने प्रतिभागियों से भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

इस मौके पर शिक्षक और गैर शिक्षक [illegible]



पीजी कॉलेज रामपुर में प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र और मुख्यातिथि। -[illegible]

# रामपुर कालेज में छात्रों ने किया योग




रामपुर बुशहर। पीजी कालेज रामपुर में सामाजिक चेतना कार्यक्रम के तहत व राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजनाएं कालेज के छात्र-छात्राओ और शिक्षक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में योग शिक्षिका सोनिका ने योग के विभिन्न आसनों पर प्रकाश डाला और इसकी वर्तमान में उपयोगिता के बारे में भी अवगत करवाया। सोनिका ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में योग स्वस्थ और निरोग रहने के लिए अति आवश्यक है। प्रतिदिन योगा की विभिन्न क्रियाएं करने से भाग दौड़ भरी इस जिंदगी में फिट रह सकते हैं। योगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों, इकाई प्रभारी प्रो. प्रोमिला और डा. जितेंद्र साहनी ने भी परिसर में सफाई की

26/9/21

# कॉलेज की इंटर हॉस्टल स्पधा में छात्र-छात्राओं ने बांधा समा

## लोकनृत्य की प्रस्तुति से बटोरीं तालियां, रंगोली और मेहंदी में दिखाया हुनर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर के सभागार में इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. पीसीआर नेगी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर चीफ वार्डन डॉ. हीर चंद नेगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें जनजातीय छात्र और छात्रावास, अंबेडकर, छात्रावास और भट्टी छात्रावास के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में जौहर दिखाए। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, लेखन, मेहंदी और लोकनृत्य स्पर्धाएं आयोजित की गईं। मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने आयोजक समिति के सभी सदस्यों को इस तरह के आयोजन करवाने की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. पीसीआर नेगी ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रो. अनिल नेगी, प्रो. योजना ठाकुर नेगी, डॉ. सविता नेगी और प्रो. सुरेखा नेगी सहित अन्य स्टाफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



पीजी कॉलेज रामपुर में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं। -संवाद



# लघु नाटक से दिया एड्स से बचाव का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

## सर्वपल्ली बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने रामपुर बाजार में निकाली जागरूकता रैली

रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय रामपुर में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस मनाया गया।



सेना झंडा दिवस पर एकत्रित राशि को सौंपते एनसीसी कैडेट्स। -संवाद

# एनसीसी कैडेट्स ने 27 हजार की राशि जुटाकर प्राचार्य को सौंपी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में एनएसीसी कैडेट्स ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के तहत 25 हजार रुपये की राशि जुटाकर सैनिक कल्याण कार्यालय को भेजी है।

स्वयंसैवियों ने सशस्त्र सेनाओं के उत्थान के लिए रामपुर उपमंडल के आसपास के क्षेत्रों झाकड़ी, रामपुर बाजार, नोगली और दत्तनगर के लोगों से यह राशि जुटाई है। इस दौरान कैडेट्स ने करीब 27068 ... राशि का डिमांड ड्राफ्ट ... पीसीआर नेगी के माध्यम से उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय शिमला को भेजा है। इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संदीप ठाकुर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने हर बार की तरह उत्कृष्ट कार्य किया है। झंडा दिवस माह के तहत करीब 27068 रुपये की रकम सैनिक कल्याण के लिए एकत्रित की गई है। प्राचार्य नेगी और 8 एचपी एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संदीप सिंह ने कैडेट्स की ...

# पीजी कॉलेज में पोस्टरों से प्रदर्शित की पर्वतों की महत्ता

12/12/2021



पीजी कॉलेज रामपुर में पहाड़ के महत्व पर प्रकाश डालते विद्यार्थी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## रामपुर कॉलेज में भूगोल सोसायटी ने मनाया विश्व पर्वत दिवस

मपुर बुशहर। पीजी कॉलेज पुर में अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस धाम से मनाया गया। इसको र कॉलेज की ज़ियोग्राफी यटी ने छात्र-छात्राओं की गिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने पर्वतों के दार पोस्टर बनाकर प्रतिभा के जौहर दिखाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचओडी भूगोल डॉ. जितेंद्र साहनी ने की। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी सिलसिले में शनिवार को भूगोल सोसायटी ने इसे बहुत ही रोचक ढंग से मनाया।

डॉ. जितेंद्र साहनी ने कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। इस मौके पर डॉ. अमित शोष्टा और डॉ सविता नेगी मौजूद रहे।

# कुर्पण वैली एसोसिएशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

16/12/21

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर की कुर्पण वैली एसोसिएशन ने बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान संघ के छात्र-छात्रों ने परिसर को संवारकर स्वच्छ समाज के निर्माण का संदेश दिया।

एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास ठाकुर ने कहा कि कार्यकारिणी का गठन करने के बाद सदस्यों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में छात्रों की परेशानी को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।



कुर्पण वैली एसोसिएशन कार्यकारिणी स्वच्छता अभियान के दौरान। -संवाद

आगामी दिनों में छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल गतिविधियों का भी आयोजन महाविद्यालय होगा। इस मौके पर सचिव नवीन लता, मीडिया प्रभारी अभिषेक ठाकुर, चिंटू, मनोज कुमार, साहिल, सत्य प्रकाश, मनु ठाकुर, चारू, मोनिका, कार्तिक और टोनी सहित कई अन्य छात्र मौजूद रहे।

# दिल्ली में हिमाचल का मान बढ़ाएंगे रामपुर के तनुज शर्मा

Divya 20/12/19



**ब्यूरो – रामपुर बुशहर**

गोविंद वल्लभपंत महाविद्यालय रामपुर में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र एवं एनसीसी कैडेटस तनुज शर्मा का चयन गणतंत्र दिवस की परेड के लिए हुआ है। एनसीसी एकाडमी रोपड़ के लिए चयनित तनुज शर्मा ने कड़ी मेहनत और परिश्रम करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया है। दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड में शमिल होने से पहले तनुज शर्मा ने चितकारा विश्वविद्यालय बद्दी, एमएमयू सोलन और एनसीसी एकेडमी रोपड़ में प्रशिक्षण लिया। आरडीसी की चयन प्रकि या कठिन और जटिल होने पर भी उन्होंने कड़ी मेहनत करके यह मुकाम हासिल किया है। यह जानकारी देते हुए एनसीसी अधिकारी कैप्टन संदीप ठाकुर ने बताया कि यह उपलब्धि रामपु महाविद्यालय के लिए गौरवमय की बात है। उन्होंने कहा कि तनु ने कठिन प्रशिक्षण से इ कामयाबी को हासिल किया है कालेज के प्राचार्य पीसीआर ने ने कमाडिंग अधिकारी संदी ठाकुर और तनुज शर्मा को इ उपलब्धि पर बधाई दी है।

# रामपुर कॉलेज में लेखन, लघु नाटिका के जरिये जागरूक किए उपभोक्ता

Amar Ujala 25/12/21

## उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन करने पर आयोग में करें शिकायतः धनवीर

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज में रामपुर में वाणिज्य विभाग के सौजन्य से शुक्रवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन एवं खाद्य आपूर्ति विभाग रामपुर के निरीक्षक धनवीर ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने नारा लेखन, निबंध लेखन, लघु नाटिका, भाषण और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये उपभोक्ताओं को जागरूक कर उन्हें अधिकारों एवं दायित्व के बारे में जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन धनवीर ठाकुर ने कहा कि 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए 24 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता



पीजी कॉलेज रामपुर में वाणिज्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर नाटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं। -संवाद

संरक्षण अधिनियम 1986 लागू किया गया था। इसके बाद नया कानून जिसे 20 जुलाई 2020 को लागू किया गया। इसमें वस्तुओं के साथ ऑनलाइन सेवाओं को भी जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि शिकायत करने के लिए जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग, राज्य उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग की स्थापना की है। उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन करने पर इन आयोगों में शिकायत की जा सकती है।

बतौर मुख्यातिथि पहुंचे राम... कॉलेज प्राचार्य पीसीआर नेगी ने ... उपभोक्ता दिवस पर अपने वि... छात्रों के समक्ष रखे। इस मौके ... विभिन्न विभागों के अध्य... कैप्टन संदीप ठाकुर, सोजना, ... वाणिज्य विभाग के डॉ. राजन ... डॉ. डीटी वर्मा, विजेता ... विचित्र मोहिनी, सुरेखा ... वाणिज्य संघ के उपप्रधान नि... अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण ले रहीं पीजी कॉलेज की योगिता

Amar Ujalla 28/12/21

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर की रेंजर योगिता शर्मा राष्ट्रीय स्तर सेमिनार के सह प्रशिक्षण शिविर में गुर सिख रही हैं। प्रशिक्षण शिविर भारत स्काउट एंड गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय प्रायोजित करवा रहा है। योगिता आरएंडआर यूनिट गवर्नमेंट कॉलेज रामपुर से हिमाचल प्रदेश से अकेले प्रतिनिधित्व कर रही हैं। योगिता को भाग लेते हुए भारत के शीर्ष पांच यू-रिपोर्ट्स का स्थान मिला है। इसके साथ ही वकालत के पैंतरे और नेता एवं शिक्षक की खूबियों के बारे में सीख रही हैं। योगिता के परिजन और कॉलेज फैकल्टी रेंजर के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। जल्द ही योगिता रामपुर कॉलेज लौटेंगी और यहां पहुंचने पर यूनिट उनका जोरदार स्वागत करेंगी।



# रोहित और रीतिका नेगी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

5/3/23



**रमेश शर्मा–रामपुर बुशहर**

पीजी कालेज रामपुर बुशहर में सत्र 2022-23 का वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2022 23 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरुष वर्ग में रोहित बीए प्रथम वर्ष, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महिला वर्ग में रीतिका नेगी बीएससी द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो पीसीआर नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष, महिला 1500, 800, 400, 200, 100 मीटर, रिले रेस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले ट्रैक इवेंट में 1500 मीटर दौड़ (पुरुष) में प्रथम स्थान आलोक, करण और विवेक ने दूसरा और तृतीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ (महिला) में प्रथम स्थान अनिता गौतम, शबनम एवं ईशा ने दूसरा और तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में पुरुष प्रथम स्थान रोहित, धीरज, आलोक ने दूसरा तीसरा स्थान हासिल किया। महिला में प्रथम अनिता, प्रीतिका, रिंपल ठाकुर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।800 मीटर दौड़ पुरुष में प्रथम स्थान सचिन, विशाल, विपिन ने दूसरा,तीसरा स्थान हासिल किया।800 मीटर महिला में प्रथम स्थान रीतिका, अनिता, सुजाता ने दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर पुरूष में प्रथम स्थान रोहित ने अमन, अविनाश, रोहित ने दूसरा तीसरा स्थान हासिल किया। (एचडीएम)

Divya Himachal 5/3/23

28/02/22




गोविंद वल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय विज्ञा...ाया। इसमें मौजूद मुख्यातिथि और अन्य। -संवाद

# पीजी कॉलेज राम...ु. में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान ...स

रामपुर बुशहर। गोविंद वल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में सोमवार को विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर जेबी बंसल थे। डॉ. बंसल ने कहा कि आज के दौर में वैज्ञानिक प्रगति एवं प्रौद्योगिकी के विकास के पथ पर है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आयोजन सचिव एवं सूत्रधार डॉ. हीरचंद्र नेगी ने सभी का स्वागत किया एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विचार प्रस्तुत किए। प्रो ...र्मा ने धन्यवाद भाषण ... किया। कार्यक्रम में मुख... आशा ...निता, गर्ग, डॉ. शिवाली ... नेगी प्रो. गोपी चंद नेगी, ...ी एवं प्रो. महेश्वर, प्रो ... पनमा नेगी मौजूद ...

Amar Ujala

# स्वयंसेवियों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। शिविर के आखिरी दिन स्वयंसेवियों ने एनएच पांच पर उतर कर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली।

प्रो. जितेंद्र साहनी, प्रो. प्रोमिला ठाकुर और प्रो. योजना ठाकुर की अगुवाई में स्वयंसेवियों ने मिनी सचिवालय से लेकर रामपुर महाविद्यालय परिसर तक जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद कॉलेज सभागार में स्वयंसेवियों को डीएसपी रामपुर ने विभिन्न विषयों को लेकर जागरूक किया। शिविर के समापन समारोह में डीएसपी रामपुर चंद्रशेखर कायथ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने होनहार स्वयंसेवियों को संम्मानित किया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद

Divya Himachal 27/02/22
Amar Ujala 28-02-22

# स्वयंसेवियों को पढ़ाया गया कानून का पाठ



पीजी कॉलेज रामपुर में क्यारियों को संवारते स्वयंसेवी -संवाद

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण का संदेश दे रहे हैं। रविवार को शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में फैले कचरे को एकत्र कर ठिकाने लगाया। प्रार्थना सभा के बाद योग के गुर सीखे। इसके बाद साइंस ब्लॉक और आसपास में फैला कचरा एकत्रित किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने कॉलेज के मुख्यद्वार के साथ सफाई की। क्यारियों का निर्माण कर विभिन्न प्रकार के फूलों के बीज बोए। विशेष सत्र के दौरान विशिष्ट वक्ता के रूप में अधिवक्ता हिमेश ठाकुर ने स्वयंसेवियों को कानून का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कानून पर आधारित विशेष प्रावधानों और धाराओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने स्वयंसेवियों से नशे जैसी कुरीति से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया। उन्होंने नशे से बचकर शिक्षा और खेल गतिविधियों को प्राथमिकता देने की अपील की। इस मौके पर एनएसएस अधिकारी डॉ. जितेंद्र साहनी, डॉ. प्रोमिला ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

Divya Himachal

# भाषण प्रतियोगिता में कृतिका फर्स्ट

## गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय में सजा दो दिवसीय विज्ञान समारोह, चला स्पर्धा का दौर

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-रामपुर बुशहर

गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय रामपुर में विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय विज्ञान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कालेज प्राचार्य पीसीआर नेगी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डा. प्रवीण भाटिया उपस्थित रहे। दो दिवसीय समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दो दिवसीय विज्ञान समारोह में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें मॉडल प्रजेंटेशन, चित्रकला, ज्ञा लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वहीं समारोह के दूसरे दिन विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं ने हिंदी, पहाड़ी, किन्नौर और पंजाबी नृत्य पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विज्ञान समारोह में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम, शीतल द्वितीय और सिमरन तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग में दीपाली प्रथम, हर्षिता द्वितीय और अंकित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन सचिव एवं साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. हरिचंद ने शैक्षणिक सत्र




- पहाड़ी, पंजाबी गानों पर थिरकीं छात्राएं

2021-22 में विज्ञान विभाग द्वारा करवाई गई सभी गतिविधियों का ब्यौरा रखा। प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन को छात्रों के लिए काफी लाभप्रद बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।



# 1500 मीटर में आलोक, 400 मीटर दौड़ में रोहित अव्वल

## पाटबंगला मैदान में रामपुर पीजी कॉलेज की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, 500 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# रामपुर कालेज में दो दिवसीय कार्यशाला

रामपुर बुशहर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ के सौजन्य से पीजी कालेज रामपुर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रकाश प्रेमी चितराम नेगी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती बंदना के साथ हुई। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. गीता वर्मा द्वारा सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने इस वर्ष महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए लेगिंग समानता से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश योगासन खेल एवं योग प्रशिक्षक के महासचिव विनोद शर्मा ने योग के महत्त्व और महिलाओं के शारीरिक और मानसिक की आवश्यकता पर बल दिया।

Divya Himachal 8/3/22

# रामपुर कालेज में एड्स पर जगाया अलख

रामपुर बुशहर। रेड रिबन क्लब के सौजन्य से राजकीय पीजी कालेज रामपुर में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज के प्राचार्य प्रो. प्रेम चिंताराम नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप मै शिरकत की। कार्यक्रम की संयोजिका डा. शिवानी ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर रेड रिबन क्लब के द्वारा विद्यार्थियों के लिए ट्रेन प्रतियोगिताओं पोस्टर मेकिंग एंड प्रेजेंटेशन, नारा लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेगी कहा कहा कि समाज में हमें एड्स पीड़ितों से भेदभाव नहीं करना चाहिए ऐसे लोगों के प्रति सामान्य व्यवहार करने की आवश्यकता है। एड्स फैलने का प्रमुख कारण अशिक्षा है। उन्होंने विद्यार्थियों के माध्यम से समाज अपने आस-पड़ोस एवं गांव में लोगों को जागरूक करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें इस बात को भलीभांति समझना चाहिए कि यह रोग तब तक नहीं प्रवेश करेगा जब तक हम सब नहीं चाहेंगे. इसीलिए हमें स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए. कार्यक्रम में विद्यार्थी कृतिका अपाचे और विनीता ने भी अपने विचार रखे। कर्यक्रम में पोस्टर मेकिंग एंड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर प्रियांशी, द्वितीय स्थान पर याचिका एवं तृतीय स्थान पर मनीषा काला रही। उधर, नारा लेखन प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर योगिता, द्वितीय पर स्थान याचिका एवं तृतीय स्थान नीलवर्ण का रहा। इसके अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान साक्षी, द्वितीय स्थान नमिता एवं तृतीय स्थान राजगोपाल रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बधाइयां दी और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में आरआरसी के सभी सदस्य प्रो. अनिता कुमारी, जय सिंह नेगी एवं नवनीत आरआरसी के मेंबर एव विद्यार्थी उपस्थित रहें।

Divya Himachal
12/3/22

योगी परीक्षा के मार्गदर्शन के … एनसीसी अधिकारी कैप्टन संदीप ठाकुर को बेंगलुरू में खेलो इंडिया … परेड आरडीसी 2022 में भाग लेने … सहित

Amar Ujala 04/08/2022

# लक्ष्य पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें छात्र

## रामपुर कालेज में सहयोग हमारा संघर्ष कार्यक्रम में विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

स्टाफ रिपोर्टर-रामपुर बुशहर

पीजी कालेज रामपुर बुशहर के सभागार में बुधवार को कालेज के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल और उपमंडल प्रशासन रामपुर बुशहर द्वारा प्रशासनिक सेवाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन के लिए सहयोग हमारा संघर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य पीसीआर नेगी ने की।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एसडीएम रामपुर बुशहर सुरेंद्र मोहन, डीएसपी रामपुर चंद्रशेखर कायथ, बीडीओ अंशुल शांडिल और बाल विकास परियोजना अधिकारी अजय बदरेल उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राचार्य नेगी ने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं हो सकता। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र मोहन ने कहा कि आज का युवा वर्ग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा इस दुविधा में रहते हैं कि उन्हें क्या … चाहिए, किस दिशा में जाना … भविष्य भी सुखी उनके सपने पूरे हों। यह निर्णय ग्रामीण परिवेश में रह रहे विद्यार्थियों के लिए लेना कई बार मुश्किल हो जाता है। उनकी इस दुविधा को दूर करने के उद्देश्य से कालेज में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने परिवेश में रहकर प्रत्येक व्यक्ति से सीखने का प्रयास करना चाहिए और जीवन में संघर्ष के महत्व को समझते हुए उन्हें अपने जीवन को ऊपर विश्वास करना तथा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास, सहनशीलता, सद्भाव एवं ईश्वर पर विश्वास रखने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को कहा। कार्यक्रम में चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिक व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

नशे से दूरी बनाए रखें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और सोशल मीडिया के अति प्रयोग से बचने की सलाह दी। इस मौके पर शांडिल ने विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष से ही अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित … लिए …



एनपीएसएसएसबी, बैंकिंग सेक्टर आदि द्वारा जितनी भी परीक्षाएं करवाई जाती है, उनकी तैयारी किस प्रकार से करनी है, इसके बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया। बदरेल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खेलकूद गतिविधियों में भाग ले तथा अच्छे साहित्य को पढ़ने की आदत डालें और समसामयिक गतिविधियों की देश … सभी युवा अधिकारियों ने छात्रों से अपने जीवन के अनुभव सांझा किए। विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने व जीवन लक्ष्य निर्धारित कर अपने सपनों को पूरा करने को प्रेरित किया है। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी डर से करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में …



तनुज को एंबेसडर ऑफ बुशहर के खिताब से सम्मानित करते डीएसपी। -संवाद

Amar Ujala 4/08/22

# परीक्षाओं में सफलता के लिए दृढ़ निश्चय की जरूरत

संवाद न्यूज एजेंसी


रामपुर बुशहर। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता रहती है। यह बात रामपुर के एसडीएम सुरेंद्र मोहन ने गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल कॉलेज रामपुर में आयोजित विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर आयोजित मार्गदर्शन कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं की कॅरिअर काउंसलिंग भी की। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के मंत्र दिए। रामपुर उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि उनका उचित मार्गदर्शन हो सके।

इससे पहले रामपुर के अधिकतर स्कूलों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर लाइब्रेरी भी प्रतियोगी परीक्षा के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध है, यहां आकर कोई भी युवा अपना कॅरिअर संवार सकता है।

इसके अलावा कार्यक्रम में बीडीओ रामपुर अंशुल शांडिल, सीडीपीओ अजय कटोच, कॉलेज प्रधानाचार्य प्रो. सीबीआर नेगी और एनसीसी अधिकारी कैप्टन संदीप ठाकुर ने भी छात्र-छात्राओं के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

सभी वक्ताओं का कॉलेज सभागार पहुंचने पर कॉलेज प्रशासन ने स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसमें श्रीतिमा ठाकुर को बेंगलुरु में खेलो इंडिया



रामपुर कॉलेज में आयोजित सहयोग हमारा संपर्क आपका कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और अन्य। -संवाद

## श्रीतिमा ठाकुर और तनुज शर्मा को एंबेसडर ऑफ बुशहर के खिताब से नवाजा

यूनिवर्सिटी गेम्स में बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतने और तनुज शर्मा को राजपथ में गणतंत्र दिवस की परेड आरडीसी 2022 में भाग लेने पर एंबेसडर ऑफ बुशहर के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य [illegible] को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर [illegible] नेगी, स्टाफ सचिव [illegible], डॉ. [illegible] सहित कई अन्य [illegible]

Amar Ujala 04/08/2022

Amar Ujala 11/9/22

# रामपुर कॉलेज में 35 छात्रों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 35 विद्यार्थियों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। युवाओं ने अन्य लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की।

शिविर का आयोजन सेवा परिवार सोसाइटी एवं डीजे नेशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम रामपुर सुरेंद्र मोहन ने की। शिविर को संबोधित करते हुए एसडीएम रामपुर सुरेंद्र मोहन ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इससे कोई भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती कई मरीजों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। शिविर में डीजे नेशन संस्था के मुख्य सलाहकार साहिल सागर, अध्यक्ष अमित, सचिव प्रियांशु कश्यप, अनन्या, साहिल, अभिषेक, पल्लवी, अंश, कामेश, कृतिका, मधु, नेहा, प्रीतू, तन्नु और वैशाली मौजूद रहे। संवाद

Amar Ujala 6/9/22

Amar Ujala 6/09/22

Amar Ujala 11/09/22

# मेहनत से राष्ट्र के नव निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करें विद्यार्थी

## रामपुर कॉलेज में नए विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम में प्राचार्य ने किया आह्वान

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में शुक्रवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी मौजूद रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू किया।

प्राचार्य ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के ध्येय वाक्य सिद्धांत और नैतिक मूल्यों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खूब मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करें और राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

अनुशासित जीवन शैली अपनाकर नैतिक और सैद्धांतिक मूल्य सामाजिक जीवन में लेकर आगे बढ़ें। आज युवा वर्ग नशे के गर्त में डूबा जा रहा है, आप ...






राजकीय कॉलेज रामपुर बुशहर में दीक्षारंभ कार्यक्रम में मौजूद नए छात्र और छात्राएं और संबोधित करते प्राचार्य। -संवाद

... रहना है। अपने आदर्शों को ऊंचा रखें, बड़े बड़े सपने देखें और उन सपनों का पीछा करें। शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक और अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर सभी शिक्षक वर्ग का परिचय विद्यार्थियों से करवाया गया।

कार्यक्रम का संचालन स्टाफ सचिव डॉक्टर हीर चंद्र नेगी की ओर से किया गया। इस अवसर पर ...

### इस सत्र में 4,323 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

इस बार रामपुर कॉलेज सत्र 2022-23 में 4,323 छात्र और छात्राओं ने प्रवेश लिया है। जिसमें 1819 छात्र है जबकि 2,504 छात्राएं है। प्रथम वर्ष में 1560 विद्यार्थियों ने प्रवेश किया जिनमें 880 छात्राएं और 680 छात्र शामिल है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी ने बताया कि पिछले साल रामपुर कॉलेज में सत्र 2021-22 में 4623 छात्र और छात्रों ने प्रवेश लिया था। उन्होंने कहा कि हर साल इस कालेज में छात्राओं की संख्या अधिक है।

... उपस्थित रहा। महाविद्यालय सभागार में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. राजन नेगी ने पारित किया। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया।



रामपुर महाविद्यालय में ओजोन दिवस पर रैली निकालते छात्र और छात्राएं। -संवाद

# ओजोन परत बचाने के लिए करें पौधरोपण : भारद्वाज

संवाद न्यूज एजेंसी

## बुशहर बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं में करवाई गई चित्रकला प्रतियोगिता

रामपुर बुशहर। बुशहर बीएड कॉलेज कलना में शुक्रवार को ओजोन दिवस मनाया गया। इस वर्ष ओजोन दिवस की थीम पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने वाला वैश्विक सहयोग है। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

संस्थान के 78 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें समूह एक और समूह दो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनमें घनश्याम, सीता, रितिका, विदुषी, प्राना, दीक्षित, अनुपमा, प्रियंका, सोहानी, अंजना, ममता, संदीशना, योगेश, योगराज और आंचल शामिल रहे। वहीं, समूह तीन ने द्वितीय स्थान पाया। इस समूह में निशा, सुजाता, गिरिजा, नेहा, मीनाक्षी, ईशा, और देवेंद्र शामिल रहे। प्राचार्य तिलक भारद्वाज ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत हमारी धरती के लिए ढाल की तरह काम करती है.और इकोलॉजी से बचाने का कार्य करती है। उन्होंने ओजोन और धरती के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाने वाली खादों का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए संस्थान के सचिव पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, निदेशक राजीव शर्मा ने सभी शिक्षकों और प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

# पीएम दौरे के लिए चकाचक होंगी सड़कें

मंडी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित 24 सितंबर की रैली के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीसी अरिंदम चौधरी ने शहर की सड़कों को 20 सितंबर तक चकाचक करने का निर्देश दिया है। बैठक में आला अधिकारियों ने भी भाग लिया। सभी विभागों को प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर निर्धारित दायित्वों से अवगत करवाया। लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई को सड़कों की जरूरी मरम्मत करने के लिए कहा। कार्यक्रम स्थल पर बिजली, पानी, साफ सफाई और शहर में पार्किंग इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड पर विभिन्न जरूरी इंतजामों को लेकर निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 सितंबर को मंडी में होने वाली रैली की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार शाम सीएम जयराम ठाकुर मंडी पहुंचे। उन्होंने पड्डल मैदान का निरीक्षण किया। संवाद

Amar Ujala 15/09/22



पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित हिंदी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। -संवाद

# भाषण स्पर्धा में अंकिता, कविता पाठ में श्रुति प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। रामपुर कॉलेज में हिंदी विभाग ने दो दिवसीय हिंदी दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में कई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई गईं।

